*जब जांच की जा रही थी, तब सी० एम० ए० एल० और एन० सी० डी० सी० को केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित एक नया संगठन नामतः कोल इंडिया लि० में मिला दिया गया। तथापि, इस रिपोर्ट में, मैंने पहले के नाम रखने को प्राथमिकता दी है।

सीमायें पाई जाती हैं, सीमित प्रतीत होता है। हाल ही के वर्षों में, और विशेषकर, 1973 में कोयला उद्योग के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् इस व्यवसाय के उद्यागम के लिये कई अवयव उत्तरदायी प्रतीत होते हैं। उद्योग के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् कोयला-खान करने के लिये गैरसरकारी पार्टियों द्वारा संभाव्य असमर्थता से जहां संभव हो सका कोयले का चोरी-छुपे खनन हुआ, यह विशेषकर ऐसे दुर्गम स्थानों पर था, जहां गैर-कानूनी खनन का आसानी से पता लगाना कठिन था और जब पता लगा लिया जाये तो इसे आसानी से रोका नहीं जा सकता। उदाहरण स्वरूप, इस विशिष्ट मामले में, धावैया ग्राम तक सभी प्रयोजनों के लिये, दामोदर की उत्तरी ओर से पहुंचना कठिन है। यहां केवल दक्षिणी किनारे से पहुंचा जा सकता है, किन्तु वर्ष के केवल ऐसे दिनों में जब परिस्थितियां माएल कोयला खान के पास से नदी को पार करना संभव बना देती हैं। जैसा कि हमने स्थान तक पहुंचने की यात्रा के दौरान महसूस किया, भूखंड की प्रकृति को ध्यान में रखते हुये, माएल कोयला खान तक पहुंचने का मार्ग भी कठिन है।

9. एक और अवयव, जिसने व्यवसाय की वृद्धि में अवश्य योगदान दिया, राष्ट्रीयकरण के पश्चात् कोयले के मूल्यों में पर्याप्त वृद्धि था। कोयला खान वस्तुतः राज्य एकाधिपत्य हो जाने के कारण, कामगार जो राज्य कोयला खानों में रोजगार प्राप्त नहीं कर सके, लाइसेंस न रखने वाले स्थानों में खनन के लिये बड़े आराम से परावर्तित हो गये। सिद्धान्त विरुद्ध और कानून तोड़ने वाले तत्व निस्सन्देह स्थिति का लाभ उठाने में तेज थे। जहां भी संभव हुआ, इन्होंने सरल खनन का रास्ता अपनाया— खान का अर्थ है कि इसमें बहुत ही थोड़ी पूंजी लगाने की आवश्यकता होती है किन्तु यह राष्ट्रीय दृष्टि से बहुत ही अपव्ययपूर्ण तथा संकटपूर्ण भी होता है। बेरोजगारी का सामना करने से, श्रमिकों को थोड़ा वेतन देने के बावजूद इस प्रकार गैर-कानूनी व्यवसाय में भाग लेने के लिये तैयार किया गया। मेरे पास कई गवाह उपस्थित हुये और इन्होंने दामोदर तथा इसकी सहायक बैरा के किनारों के साथ-साथ हजारीबाग और गिरिडीह जिलों में बहुत से स्थानों पर फैले हुये गैर-कानूनी खनन को प्रमाणित किया। इन्होंने बताया कि सैकड़ों श्रमिक भाग ले रहे हैं, संख्या में अतिशयोक्ति हो सकती है किन्तु इसमें कोई शक नहीं है कि व्यवसाय बहुत से स्थानों में फैल गया है। कोयला खनन सम्बन्धी विभिन्न कानूनों के अधीन अपेक्षित खान खुलाई लाइसेंस या खनन लीज या अन्य प्राधिकार या अनुमति प्राप्त करने के बिना लोगों ने अपने आपको कोयला-उद्यागमों के मालिक बना दिया और इन स्थानों में आसपास के गांवों से बेरोजगार श्रमिक काम करने लगे। मुझे पेश किये गये साक्ष्यों से प्रतीत होगा कि श्रमिक कोयले, जोकि वे काटते और बाहर निकालते हैं, की प्रत्येक बाल्टी के लिये 2 आने से 4 आने तक की रायल्टी देते हैं। वे इस कोयले को बेचने के लिये पास के स्थानों में भेज देते हैं। इसमें कोई शक नहीं कि राष्ट्रीयकृत खानों में कोयले के मूल्यों में तीव्र वृद्धि ने इस कोयले के लिये बाजार ढूंढना संभव बना दिया होगा क्योंकि यह कोयला बहुत कम मूल्यों पर बेचा जाता था।

10. मेरे पास सामग्री से यह स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र में कोयले का बिना लाइसेंस का खनन राष्ट्रीयकरण के शीघ्र पश्चात् आरम्भ हुआ। एन० सी० डी० सी० के० अधिकारियों द्वारा नवम्बर, 1973 तक के कई पत्र हैं जिनमें ऐसे मामलों को उद्धृत किया गया है। ऐसे कोयले को अनाधिकृत रूप से ले जाने के भी हवाले दिये गये हैं। ये पत्र हजारीबाग और गिरिडीह के जिला प्राधिकारियों को और रामगढ़, गोमिया और अन्य स्थानों के थानों के प्रभारी अधिकारियों को संबोधित थे। यह महत्वपूर्ण है कि 10 नवम्बर, 1973 को लिखे गये पत्र में, एन० सी० डी० सी० के माएल कोयला खान के प्रबन्धक, ने जिला खनन अधिकारी, हजारीबाग को सूचित किया कि माएल कोयला खान के सामने नदी-तल खदान में कोयला निकालने के लिये कार्य किया जा रहा है। पत्र में यह उल्लेख है "ओवर-हैंगिंग के कारण ये स्थान बहुत ही खतरनाक बन चुके हैं और दुर्घटना की किसी समय भी आशंका है," तथा इसे ऐसे व्यवसाय को समाप्त करने के लिये समय पर निवारक कार्यवाही हेतु अनुरोध के साथ समाप्त किया गया है। 24 मार्च, 1974 को माएल कोयला खान के प्रबन्धक ने क्षेत्र में गैर-कानूनी रूप से कोयला ले जाने के बारे में रामगढ़ थाने के प्रभारी अधिकारी को लिखा। 18 अप्रल, 1974 को इन्होंने दक्षिणी किनारे पर माएल कोयला खान के सामने और दामोदर के उत्तरी किनारे पर मौजा धावैया में गैर-कानूनी रूप से कोयला निकालने के बारे में जिला खनन अधिकारी, हजारीबाग को फिर लिखा। माएल कोयला खान और सिरका कोयला खान के अधिकारियों द्वारा लिखे गये कई अन्य पत्रों में और क्षेत्रीय महाप्रबन्धक, एन० सी० डी० सी० तथा उपक्षेत्रीय प्रबन्धक सिरका ग्रुप द्वारा उपायुक्त, हजारीबाग को संबोधित पत्रों में अनधिकृत खनन और कोयले के परिवहन का उल्लेख है।

11. जिला खनन अधिकारी, गिरिडीह द्वारा प्रस्तुत किये गये साक्ष्य ने क्षेत्र में चल रहे गैर-कानूनी खनन व्यवसाय की अधिकतर पुष्टि की है। इनके अनुसार, इनको प्राप्त इस प्रकार की शिकायतों के बारे में पुलिस प्राधिकारियों तथा इनके द्वारा शीघ्र छानबीन की गई और फौजदारी अभियोजन चलाये गये, जिनमें से इन्होंने दो उदाहरण दिये हैं। इस प्रकार हमें स्थितियों और परिस्थितियों की भूमिका के बारे में कुछ मालूम होता है जिसमें नदी के किनारे पर एक कोयला उद्यागम में 22 फरवरी, 1975 को धावैया ग्राम में एक दुर्घटना हुई।

12. इस व्यवसाय की जानकारी से जिला प्राधिकारियों और एन० सी० डी० सी० के कर्मचारियों द्वारा कार्यवाही करनी पड़ी। हमारे पास यह दिखाने के लिये साक्ष्य है कि खनन और व्यवसाय बनाये रखने के प्रशासन से संबंधित जिला अधिकारियों ने व्यवसाय को रोकने के लिये प्रयत्न किये हैं। हजारीबाग प्रभाग के आयुक्त ने कम से कम दो महत्व-पूर्ण बैठकें, एक 26 जून, 1974 और दूसरी 24 दिसम्बर, 1974 को कीं। इन बैठकों में कई उपचारी और रोकथाम की कार्यवाही के बारे में विचार विमर्श किया गया। कोयले को बाहर ले जाने पर रोकथाम लगाने के लिये क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थानों पर चैकपोस्टों की स्थापना सम्बन्धी कार्यवाहियों पर भी विचार किया गया। अवैध खनन अर्थात् विभिन्न कानूनों के अधीन अपेक्षित किसी खनन लीज या अन्य अनुमति प्राप्त किये बिना खनन को समाप्त करने के लिये शासकीय और पुलिस प्राधि-कारियों तथा खान सुरक्षा महानिदेशालय के अधिकारियों एवं जिला खनन अधिकारियों के नेतृत्व में आकस्मिक छापे मारने के लिये सिफारिश की गई थी। इस धमकी का सामना करने के लिये दीर्घकालिक उपाय करने हेतु फौजदारी अभियोजन दायर करके और विभिन्न प्रशासनिक उपायों को लागू करके कोयला खनन को प्रभावित करने वाले विभिन्न कानूनों को दृढ़ता से लागू करने के लिये सुझाव दिये गये। जिला खनन अधिकारी गिरिडीह के सम्बन्ध में यह कहना है कि कई मामलों में पुलिस तथा इनके द्वारा की गई कार्यवाही प्रभावशाली साबित हुई और इस व्यवसाय को समाप्त कर दिया गया।

13. दुर्घटना के लिए सी० एम० ए० एल०/एन० सी० डी० सी० की जिम्मेदारी और दायित्व के बारे में मेरे पास बहुत से तर्क हैं। इसको पूर्णरूप से स्वीकार करते हुए मैं सर्व प्रथम कोयला क्षेत्र (अभिग्रहण और विकास) अधिनियम, 1957 से सम्बन्धित उपबन्धों का हवाला दूंगा जिनका उल्लेख मैंने पहले ही उपर्युक्त पैरा-5 में किया है। अधिनियम की प्रस्तावना में उल्लेख है कि अधिनियम का उद्देश्य "भारत के आर्थिक हितों में कोयला खनन उद्योग पर अधिकतर सरकारी नियंत्रण स्थापित करना

है और ऐसी जमीन जिस में कोयला है या जिसमें कोयला हो जाने की और जिससे अभी कोयला नही निकाला गया है, पर राज्य द्वारा अभिग्रहण करा कर अथवा करारनामा, लीज, लाइसेन्स या अन्य तरीके से प्राप्त ऐसे अधिकारों में संशोधन करके और इन्हें समाप्त करके ऐसी भूमि पर अधिकार देकर इनका विकास करना है ।" अधिनियम की धारा 4 के अधीन, केन्द्रीय सरकार, सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, ऐसी भूमि में कोयला की खान खोदने के अपने इरादे का नोटिस दे सकती है जहां कोयला मिलने की संभावना है । खुदाई के पश्चात्, यदि केन्द्रीय सरकार सन्तुष्ट है कि कोयला उपलब्ध हो सकता है तो यह धारा 7 के अधीन अधिसूचना द्वारा भूमि का भाग या सारी भूमि को अधिगृहीत करने के अपने इरादे का नोटिस दे सकती है । धारा 8 के अधीन आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात्, केन्द्रीय सरकार, धारा 9 के अधीन अभिग्रहण की घोषणा जारी कर सकती है । ऐसी घोषणा के प्रकाशन पर, भूमि, धारा-10 के अधीन, पूर्णरूप से केन्द्रीय सरकार के अधीन आ जाएगी । धारा 11 के अधीन, केन्द्रीय सरकार निर्देश दे सकती है कि भूमि, धारा 10 के अधीन केन्द्रीय सरकार के अधिकार में रहने के स्थान पर, सरकारी कम्पनी के अधीन रहेंगी । और अन्त में, धारा 12 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी को अधिनियम के अधीन अभिगृहीत किसी भूमि का कब्जा लेने के लिए किसी व्यक्ति से भूमि का कब्जा लेने या समर्पण करवाने की आवश्यकता पड़े, और यदि वह व्यक्ति इन्कार करता है तो सक्षम प्राधिकारी कार्यवाही आरंभ करे और भूमि का कब्जा ग्रहण करे तथा इस उद्देश्य के लिए उतने बल, जितना कि आवश्यक हो, का भी प्रयोग करे।

14. अब सी० एम० ए० एल०/एन० सी० डी० सी० का मामला यह है । स्वीकृत रूप से 2,510 एकड़ भूमि का क्षेत्र, जो कि ब्लाक-1 में आता है, और जिसे धारा 4 के अधीन पहले अधिसूचित किया गया था, 29-12-1962 को धारा 9 के अधीन अभिग्रहीत किया गया था, 1963 के आरंभ में केन्द्रीय सरकार ने इसका कब्जा लिया था, 18-12-1963 को, धारा 11 के अधीन एक आदेश द्वारा, यह क्षेत्र एन० सी० डी० सी० के अधिकार में कर दिया गया तथापि, जहां तक ब्लाक-2 और 3 का संबंध है, इन क्षेत्रों का कब्जा केन्द्रीय सरकार द्वारा एन० सी० डी० सी० को नहीं दिया गया । जैसा कि उपर्युक्त पैरा 5 में उल्लेख है, केन्द्रीय सरकार ने इन क्षेत्रों का कब्जा केवल 30-5-1975 को लिया था और यह कब्जा धारा 11 के अधीन आदेश द्वारा एन० सी० डी० सी० के अधिकार में अभी भी नहीं दिया गया । अतः, एन० सी० डी० सी० का ब्लाक-2 और 3 से किसी प्रकार का सम्बन्ध नहीं था, और क्योंकि जिला गिरिडिह का ग्राम धाबैया ब्लाक-2 में आता है, यह किसी भी प्रकार से तर्क नहीं दिया जा सकता कि एन० सी० डी० सी० का उस स्थान, जहाँ दुर्घटना हुई है, पर चाहे वस्तुतः या विधितः, किसी प्रकार का अधिकार या दायित्व था । इस मामले में एन० सी० डी० सी० को, इनके अनुसार, केवल रुचि दुर्घटना के स्थल के पड़ोस में होने में है । दुर्घटना की जानकारी रखने और इसकी जिला प्राधिकारियों की रिपोर्ट करने तथा, बाद में बचाव कार्यवाही करने में अपनी क्षमतानुसार सहायता प्रदान करने वाले प्रथम अभिकरणों में से यह एक अभिकरण है ।

15. राष्ट्रीय कोयला विकास निगम की ओर से आगे दृढ़तापूर्वक यह कहा गया कि उत्तरदायी संगठन होने के कारण, जो क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने से संबद्ध है, उन्होंने अपनी पट्टेदारी से बाहर क्षेत्रों में प्रचलित अवैध खनन के बारे में विभिन्न प्राधिकरणों को सूचित किया है और ऐसी प्रथाओं को रोकने के लिए लगातार कदम उठाए हैं, या कदम उठाने में सहायता दी है ।

16. बिहार सरकार का वाद, जैसा कि गिरिडिह के जिला अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किया गया, है कि दुर्घटना का स्थान बिल्कुल अभिग्रहीत (केन्द्रीय सरकार द्वारा) क्षेत्र में पड़ता है और राष्ट्रीय कोयला विकास निगम के प्राधिकारियों ने इस प्रकार के खनन को रोकने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए और, बड़े आश्चर्य की बात है कि इस प्रकार के अवैध खनन के बारे में, विशेष रूप से धाबैया गांव में, गिरिडिह के जिला अधिकारियों को कभी भी कोई सूचना नहीं दी या भेजी गई हालांकि यह ज्ञात था कि दामोदर नदी के उत्तर में पड़ने वाला क्षेत्र गिरिडिह जिले में आता है । गिरिडिह जिले में संबराबेरा और कान्देर (गिधानिया) में कुछ अवैध खनन के बारे में सूचना गिरिडिह के जिला प्राधिकारियों को प्राप्त हुई थी और इस प्रकार की सभी खनन सक्रियाओं को तत्काल, दृढ़ता से और प्रभावी रूप से मजिस्ट्रेट पुलिस द्वारा नियंत्रित किया गया और रोका गया । स्थानीय ग्रामीणों ने दुर्घटना के स्थान से कोयला निकालना आरंभ किया था, यह भाएस कोलियरी में काम करने वाले रा० को० वि० नि० के अधिकारियों, स्टाफ, सुरक्षा गार्डों को ज्ञात था परन्तु रा० को० वि० नि० ने अपने आप उसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाए, न ही, उन्होंने अभिग्रहीत क्षेत्र के भीतर इस प्रकार के अवैध खनन के बारे में स्थानीय प्राधिकरियों और पुलिस को सूचित किया, जिसके कारण अच्छी तरह उन्हें मालूम होंगे । "उन्होंने अभिग्रहीत क्षेत्रों में स्वयं अपनी खनन संक्रियाओं को भी चालू करने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की ।" अभिग्रहीत क्षेत्र में, दुर्घटना स्थल सहित, अपनी खनन संक्रियाओं को चालू कर के वर्तमान दुर्घटना से संबंधित सभी अवैध खनन, संक्रियाओं को स्वतः नियंत्रित और प्रभावी रूप से रोका जा सकता था ।

17. इस प्रकार, बिहार सरकार के अनुसार, (1) घटना स्थल रा० को० वि० नि० द्वारा अभिग्रहीत क्षेत्र में पड़ता था ; (2) हालांकि रा० को० वि० नि० का स्टाफ और प्राधिकारी उस स्थान पर अवैध खनन के बारे में जानते थे, उन्होंने इसे गिरिडिह के जिला प्राधिकारियों को सूचित नहीं किया, न ही उन्होंने स्वयं इस प्रकार के खनन को रोकने के लिए कोई कार्यवाही की, और (3) दुर्घटना से बचा जा सकता था । यदि रा० को० वि० नि० ने अभिग्रहीत क्षेत्र में स्वयं अपनी खनन संक्रियाएं चालू कर दी होती ।

18. संभवतः इन कथनों की कोई खास जांच नहीं की गई । प्रथमतः हालांकि धारा 9 के अन्तर्गत ब्लाक–2 (जिसमें धाबैया गांव सम्मिलित है) को अभिग्रहीत करने वाली अधिसूचना 2–12–1966 को जारी की गई थी, केन्द्रीय सरकार ने मई, 1975 तक इन जमीनों का कब्जा अभिग्रहीत नहीं किया था । मैं इस समय उस भेद की बात करूंगा जिसे धारा 10 के अन्तर्गत अभिग्रहण और धारा 12 के अन्तर्गत कब्जा लेने के बीच निकालने की चेष्टा की गई है, परन्तु और आगे जो ध्यान देने योग्य बात है वह यह है कि किसी भी समय ये जमीनें रा० को० वि० नि० के अधीन धारा 11 के अन्तर्गत हवाले नहीं की गई थीं । इस प्रकार, किसी भी तरह इस बात पर जोर नहीं दिया जा सकता कि धाबैया गांव में वह स्थान रा० को० वि० नि० द्वारा अभिग्रहीत क्षेत्र में पड़ता है । 1966 में बिहार उच्च न्यायालय के समक्ष दायर की गई समझौता संबंधी एक याचिका (जिसमें रा० को० वि० नि० और केन्द्रीय सरकार पक्षकार थे) और रा० को० वि० नि० द्वारा जिला प्राधिकारियों को यह दिखाने के लिए लिखे गए पत्रों, कि रा० को० वि० नि० के कब्जे में धाबैया की जमीनें दुर्घटना से काफी पहले थीं ; का आश्रय लेने की कोशिश की गई है । मेरे विचार में इस प्रकार का कोई निष्कर्ष नहीं निकलता । किसी भी तरह रा० को० वि० नि० पर उत्तरदायित्व या देयता नहीं आती ।

19. इसी प्रकार रा० को० वि० नि० के खिलाफ बताए गए दूसरे प्वाइंट को सिद्ध करना कठिन है । जैसा कि मैंने पहले ही उल्लेख किया है, रा० को० वि० नि० ने, रा० को० वि० नि० के क्षेत्र के समीप में चल रहे अवैध खनन के संबंध में प्राधिकारियों को अवगत कराने के कई प्रयास किए । वास्तव में, रा० को० वि० निगम की माएल कोलियरी के प्रबन्धक द्वारा गिरिडिह के जिला प्राधिकारियों को लिखे गए कम से कम दो पत्रों में माएल कोलियरी के सासने के स्थान का विशिष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। यह बात खास महत्वपूर्ण नहीं कि एक पत्र, दिनांक 10 नवम्बर, 1973 गिरिडिह के बजाए हजारी-बाग के जिला खनन अधिकारी को संबोधित था । गिरिडिह का खनन जिला केवल नवम्बर, 1972 में सृजित किया गया था, और उस तारीख तक धावैया का क्षेत्र हजारीबाग के जिला खनन अधिकारी के क्षेत्राधिकार में पड़ता था ; यह भी साक्ष्य में है कि नये जिले का कार्यालय लगभग 1973 के अन्त तक हजारीबाग में ही स्थित रहा । सामान्यतः और उचित रूप से यह आशा की जाती है कि हजारीबाग के अधिकारी को लिखा गया पत्र, नये रूप से सृजित गिरिडिह के खनन जिले के प्रभारी अधिकारी को भेज दिया गया होगा । इसमें कोई सन्देह नहीं है कि इस प्रकार का पत्र नवम्बर, 1973 में माएल कोलियरी के प्रबन्धक द्वारा लिखा गया था । इस प्वाइंट के संबंध में कि रा० को० वि० नि० ने अवैध खनन को रोकने का कोई प्रयास नहीं किया, यह पूछा जाए कि क्या उनको ऐसा करने का कोई हक, या कर्त्तव्य या शक्ति थी, क्योंकि यह क्षेत्र उनकी पट्टेदारी के बाहर था । उत्तरदायी सरकारी कम्पनी होने के नाते उनसे अपेक्षा की जाएगी कि वे अधिकारियों को यह सूचित करें कि माएल कोलियरी के सामने दूसरे किनारे पर क्या हो रहा है, और उन्होंने ऐसा किया था । यह कहा जा सकता है कि वह इस मामले की और प्रबलता से पैरवी कर सकते थे, क्योंकि उनको यह अच्छी तरह पता था कि यह जमीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अभिग्रहीत की गई है और एक सरकारी कम्पनी होने के नाते (जिस में कभी न कभी जमीन के निहित होने की अधिक संभावना है) उनका यह कर्त्तव्य था कि सरकारी हितों की सुरक्षा करें ।

20. रा०को०वि०नि० के खिलाफ उठाए गए तीसरे प्वाईण्ट में वास्तविकता की कमी है। यह कहना प्रत्यक्षतया अयाथार्थिक होगा कि रा० को०वि०नि० को उसके द्वारा अभिग्रहीत किए गए सभी क्षेत्रों पर तत्काल खनन क्रियाएं आरम्भ करनी चाहिएं। खनन कार्य, जैसे कि रा०को०वि०नि० की तरह के संगठन द्वारा अनुसरण किया जा रहा है, में पूर्व व्यवहार्यता रिपोर्टों और विस्तृत परियोजना रिपोर्टों के रूप में काफी योजना बनाई जाती है। परियोजना के संगठन के व्यापक खनन संक्रियाओं में सुसम्बद्ध किया जाना होता है तथा इसे सम्पूर्ण देश में केन्द्रीय सरकार के कोयले के उत्पादन और वितरण की योजना के भी अनुरूप होना चाहिए। धावैया गांव में घटनास्थल के अतिरिक्त कई अन्य ऐसे स्थान होंगे जिन कोयला निकालने के कार्य को हाथ में लिए जाने की आवश्यकता होगी, परन्तु अनिवार्यतया अग्रता की एक शृंखला होगी, आयोजित खनन की आवश्यकता और स्रोतों और प्रशिक्षित जन-शक्ति की मर्यादाओं को ध्यान में रखते हुए सभी अभिग्रहीत क्षेत्रों में एक साथ खनन कार्य आरम्भ करना असंभव होगा।

21. रा०को०वि०नि० और बिहार सरकार द्वारा पेश किए गए वादों से उत्पन्न होने वाले एक रोचक और महत्वपूर्ण प्वाइण्ट को मैं पहले निपटाना चाहूंगा। अधिनियम की धारा 10(1) निर्धारित करती है कि धारा 9 के अन्तर्गत घोषणा के प्रकाशन से, जमीन सभी प्रतिबन्धों से मुक्त बिलकुल केन्द्रीय सरकार में निहित होगी। धारा 12 में इस प्रकार से अभिग्रहीत की गई जमीन का कब्जा लेने की व्यवस्था है। धारा 10(1) के अन्तर्गत अभिग्रहण और धारा 12 के अन्तर्गत कब्जा लेने के बीच के अन्तराल के दौरान जमीन पर अधिकार के सम्बन्ध में स्थिति क्या होगी? अन्तराल के लम्बे होने की स्थिति में इस प्रश्न का महत्वपूर्ण व्यावहारिक महत्व है, जैसा कि इस मामले में अन्तराल कई वर्षों का है। इस अवधि के दौरान, अभिग्रहीत क्षेत्र को गैर-लाइसेंस और अवैध खनन से मुक्त रखने का उत्तरदायित्व किसका होगा? निःसन्देह, मौलिक उत्तरदायित्व राज्य सरकार के कानून प्रवर्तन संबंधी एजेंसी का है, परन्तु प्राथमिक उत्तरदायित्व किसका है? स्पष्टतः, यह राज्य सरकार का नहीं है, क्योंकि इसके अधिकार केन्द्रीय सरकार द्वारा अभिग्रहीत किए गए हैं। इस मामले में, यह दायित्व रा०को०वि०नि० का नहीं है, क्योंकि केन्द्रीय सरकार द्वारा धारा 11(1) के अन्तर्गत कोई कार्यवाही नहीं की गई है। यह किसी अन्य व्यक्ति का भी नहीं, जिसको राज्य सरकार द्वारा खनन का पट्टा स्वीकृत किया गया होगा, क्योंकि धारा 10(2) के अन्तर्गत इस प्रकार का खनन स्वतः रद्द हो जाता है। इस प्रकार हमारे पास केवल केन्द्रीय सरकार रह जाती है, और मेरे विचार में, धाराओं 10(1) और 12 को इकट्ठे पढ़ कर उनको दिए जाने वाले भावार्थों के बावजूद उत्तरदायित्व केन्द्रीय सरकार पर आता है। वास्तव में, अगर ऐसे पठन को तर्कपूर्ण निष्कर्ष तक ले जाया जाए तो यह वैधानिक शून्यता उत्पन्न कर सकता है, ऐसी स्थिति जिसमें अभिग्रहीत क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने की दृष्टि से उस पर चौकस निगाह रखने का किसी का दायित्व नहीं रह जाता। आदर्श रूप से, धारा 9 के अन्तर्गत घोषणा के साथ-साथ कब्जा लिया जाए या उसके तुरन्त बाद; इसी प्रकार धारा 11(1) के अन्तर्गत किसी सरकारी कम्पनी को जमीन के अधिकार अन्तरित करने में समयान्तर नहीं होना चाहिए, यदि किसी विशेष मामले में केन्द्रीय सरकार का वास्तव में यही इरादा है। यदि ये अपेक्षाएं पूरी नहीं की जा सकतीं, तो अधिनियम में संबंधित धाराओं का पुनरीक्षण किया जाना चाहिए और उनको आवश्यक सीमा तक संशोधित किया जाना चाहिए और मैं यह सुझाव केन्द्रीय सरकार के ध्यान में लाऊंगा। मेरे विचार में, धावैया गांव में अभिग्रहीत जमीन के टुकड़े पर अधिकारों और उस पर अवैध खनन को रोकने के लिए उत्तरदायी पक्ष या एजेंसी के सम्बन्ध में किन्तु अस्पष्ट स्थिति उस क्षेत्र में अवैध खनन को फैलाने के लिए अंशतः उत्तरदायी रही है।

22. हमने माएल कोलियरी के नजदीक दामोदर नदी को दक्षिणी किनारे से पार करके दुर्घटना स्थल का 13-11-75 को निरीक्षण किया। यहां पर रामगढ़ ब्लाक की 7 टाप सीम नदी के उत्तरी किनारे पर लगभग 150 मीटर दूरी तक अनाच्छादित है। उत्तर दिशा की ओर यह सीम डिपिंग लगभग 9 मी० मोटी है और यह सामान्य टाप माएल कैपिंग सहित 4-5 मी० की मोटाई के रेतीले पत्थर से आच्छादित है। रेतीले पत्थर अंशतः विदीर्ण, गठीले और बड़े माप के खंडों में टूटे पड़े हैं (कुछ 6 मी० × 2 मी० × 1.5 मी० तक के माप तक) जो किनारे के ऊपर कुछ स्थानों पर प्रलम्बी स्थिति पर है। किनारे का उपरी भाग जिसमें कोयले की सीमा का ऊपरी भाग और रेतीले पत्थर की कैपिंग सम्मिलित है, लगभग समतल है। निचले भाग में कोल सीमा के शेष भाग और रेतीले पत्थर का गिरा हुआ मलबा सम्मिलित है जिनमें विभिन्न मापों के भारी टुकड़े हैं जो नीचे जलस्तर की ढलान की ओर जा रहे हैं। मलबे में नदी द्वारा वृद्धि की गई रेत के भाग भी सम्मिलित हैं। किनारे पर कोयले की सीम किस सीमा तक अनाच्छादित है, यह नदी में पानी के स्तर और किस ऊंचाई तक मलबे ने सीम को ढका है; इस बात पर निर्भर करता है।

23. हम ने घटनास्थल को रेतीले पत्थर के खंडों और नदी के बालू की कुछ मात्रा से लगभग पूर्णतया ढका पाया। 7 टाप सीम से खोदा गया कुछ कोयला घटनास्थल पर पाया गया था; ऐसा लगता है कि यह हाल की मानसून के बाढ़ के पानी कम होने के बाद खोदा गया होगा।

24. न्यायालय के समक्ष दिए गए साक्ष्य से यह प्रतीत होगा कि जो कोयला दुर्घटना एक सुरंग जो कोशने के उद्गम लगभग 6 मी० ढकेली गई थी, के प्रवेश पर अधिभार के गिराव से हुई। दोनों के बीच अन्तः सम्बन्ध सहित एक संलग्न सुरंग थी, रिब पिलर अत्यन्त तंग लगता था।

25. बचाव कार्मिकों, जो शवों के पाए जाने के बाद सुरंगों में घुसे, ने बताया है कि सुरंग और अन्तः संबंध पर छत का कोई गिराव नहीं हुआ; गिराव प्रवेश पर हुआ था। घटना स्थल से प्राप्त दो शव सुरंग के प्रवेश द्वारा के बाहर लगभग आधे मीटर पर गिरे हुए मलबे के नीचे दबे हुए पाए गए बताए गए थे।

26. जब हमने सुरंग का मुआयना किया तो सुरंग के प्रवेश के ऊपरी भाग पर केवल लगभग 150—200 मी०मी० × 1.5 मी० चौड़ा भाग खुला था। शेष भाग कोयले और रेतीले पत्थर के खण्डों के मलबे से ढका था। प्रवेश पर सुरंग की छत अक्षत थी।

27. यह प्रतीत होगा कि जिन दो व्यक्तियों के शव पाए गए थे, वे शायद प्रवेश के निकट कोयला काटने में रत थे और गिरते हुए पत्थर के नीचे दब गए थे। सुरक्षित खनन पद्धति में यह अपेक्षित है कि किनारे ढलवें और पैड़ी वार होने चाहिएं ताकि अधिभार के गिराव को रोका जा सके; यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि यह पूर्वोपाय यहां कभी भी नहीं किया गया। रेतीले पत्थर के बड़े उपस्थित अलग्न खण्डों सहित किनारे के समतल पार्श्व के कारण अवश्य ही अधिभार का गिराव हुआ होगा जिससे श्रमिकों की मौत हुई जो इसके नीचे सीधे कुचले गए और पीसे गए।

28. दुर्घटना में कितने व्यक्तियों की जानें गईं? खबरें थीं कि 40 व्यक्ति मारे गए थे परन्तु ये अनुमान बहुत ही बढ़े-चढ़े हैं। मेरे समक्ष केवल मात्र विश्वसनीय साक्ष्य यह दर्शाता है कि 27 और 28 फरवरी को की गई बचाव संक्रियाओं में दुर्घटना स्थल पर दो शव प्राप्त हुए थे और यह कि उनके अतिरिक्त, घटनास्थल के लगभग एक किलोमीटर प्रतिस्रोत पर रेत में दबे तीन महिलाओं के शव भी उसी समय पाए गए थे। ये पांचों शव पुलिस ने अपने कब्जे में कर लिए और गोमिआ स्टेशन के प्रभारी सब-इंस्पेक्टर के अनुसार ये शव पहचाने नहीं जा सके और कोई दावेदार भी नहीं थे।

29. कुछ गवाहों ने बताया कि घटनास्थल से चार शव पाए गए थे। मैं कहना चाहूंगा कि बचाव कार्य केवल 23 को आरम्भ किए गए। इस समय यह कहना कठिन है कि क्या इस तारीख से पहले, अर्थात् 22 को ही ग्रामवासियों ने घटना स्थल पर शवों को ढूंढा और कोई शव पाए, शायद सिवाए प्रतिस्रोत पर रेत में पाए गए तीन शवों के और दो अन्यों के जो चितरपुर ले जाए गए बताए जाते हैं। चूंकि सारी संक्रियाएं अवैध थीं, इसलिए ग्रामवासी जो कुछ कहते हैं उसमें उनका अस्पष्ट होना तथा उसमें अरुचि रखना समझने की बात है। यूनाइटिड कोल वर्कर्स यूनियन द्वार प्रस्तुत किए गए एक गवाह ने, और जो समीप के होनेह गांव का था, बताया कि उसके गांव की तीन महिलाएं, जिनके उसने नाम बताए (सुमित्रा कुमारी, गज्जु करमाली की पुत्री, प्राण कुमारी देवी, रती करमाली की स्त्री और पातो कुमारी, गपुर महतो की पुत्री), दुर्घटना में मर गईं, हालांकि उसने आगे बताया कि तीन शव पुनर्गृहीत नहीं हुई और उपलब्ध नहीं हो सके; संभवतः संदर्भ दुर्घटनास्थल के प्रतिस्रोत पर रेत के नीचे दबे तीन शवों की ओर है। धावैया गांव के मुखिया ने दो व्यक्तियों की मृत्यु के संबंध में बयान दिया, जिनके उसने नाम बताए, (चेतो महतो और आन्धा करमाली) दोनों धावैया के निवासी थे। संलग्न चितरपुर गांव के मुखिया ने बताया कि चार शव पाए गए थे, दो शव उसके गांव के व्यक्तियों के थे और दो होनेह गांव के उसने अपने गांव के व्यक्तियों के नाम बताए हैं जो दोनों महिलाएं हैं, (मिलुआ, लाडु चौधरी की पुत्री और निरुआ, महेश चौधरी की स्त्री)। उसने आगे बताया कि चारों शव मृत व्यक्तियों के रिश्तेदार ले गए थे।

30. अनेक गवाहों द्वारा दिए गए विवरणों को ध्यान में रखते हुए मैं केवल यही निष्कर्ष निकाल सकता हूं कि संभवतः सात व्यक्तियों, दो पुरुष और पांच महिलाओं की मृत्यु हुई जबकि केवल पांच शव प्राप्त हुए थे। संभवतः (यह केवल अनुमान है) पुरुषों के शव धावैया गांव के थे और महिलाओं के होनेह के। इसके सिवाय कुछ और कहना संभव नहीं है, जो निश्चित हो तथा जिसकी विश्वसनीय साक्ष्य द्वारा पुष्टी की जा सके। चूंकि उन व्यक्तियों के नामों का मेरे समक्ष उल्लेख किया गया है जो कि मारे गए बताए जाते हैं, शायद पुलिस और न्यायधिकारीगण सच्चाई या बयानों की यथार्थता का पता लगाने के लिए जांच पड़तालें कर सकते हैं।

31. जैसा कि मैंने ऊपर पैरा 12 में जिक्र किया है, हजारी बाग प्रभाग के आयुक्त द्वारा 26-6-1974 और 24-12-1974 को आयोजित की गई दो बैठकों में इस क्षेत्र में बिना लाइसेंस कोयले के खनन और उसके परिवहन को रोकने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया था। पहले की बैठक में जिन मुख्य सुझावों को स्वीकार किया गया था वे औद्योगिक लाइसेंस और काम चालू करने संबंधी अनुमति के बगैर कोयले का उत्पादन करने और उसे भेजने के मामलों में तुरन्त कानूनी, दंडात्मक कार्यवाही करने से संबंधित थे; एक सिफारिश यह भी थी कि केन्द्रीय सरकार द्वारा ऐसी कोयला खानों का राष्ट्रीयकरण कर दिया जाना चाहिए और यह कि राष्ट्रीयकरण के लम्बित रहने तक निजी पट्टेदारों को औद्योगिक लाइसेंस, काम शुरू करने की अनुमति और ग्रेड प्रमाण-पत्र शीघ्र प्रदान करके क्षेत्र में काम करने के लिए सुविधाएं दी जानी चाहिएं। इस सिफारिश का उद्देश्य यह था कि इससे श्रमिकों और कर्मचारिवर्ग के लिए विनियमित रोजगार सुनिश्चित करने और फलस्वरूप राष्ट्रीयकरण के लिए रास्ता हमवार करने की फौरी समस्या हल हो जाएगी।

32 जिन उपायों की सिफारिश दूसरी बैठक में की गई, उनका सीमा क्षेत्र कुछ ज्यादा व्यापक था। वे (1) कोयले के गैर-कानूनी ट्रक परिवहन को नियंत्रित करने के लिए ऐसी जांच चौकियों, जिनमें समुचित रूप से सी०एम०ए०एल० के कर्मचारी तथा पुलिस वाले तैनात हों, को स्थापित करने, (2) उप-आयुक्त जिनके साथ पुलिस होगी और जिनके साथ महानिदेशक खान सुरक्षा और सी०एम०ए०एल० के अधिकारीगण घनिष्ठ रूप से सम्बद्ध होंगे, के नेतृत्व में अचानक छापे मार कर गैर-कानूनी कोयला खनन को रोकने से संबंधित थे। यह सिफारिश भी की गई कि गैर-कानूनी खनन के लिए दंड देने हेतु कोयला खनन संबंधी सभी कानूनों को कड़ाई से लागू किया जाना चाहिए।

33. अपनी वे सिफारिशें करने से पूर्व जोकि कोयले के गैर-कानूनी खनन को रोकने और जहां आवश्यक हो, उसे नियंत्रित करने के लिए तैयार की गई हैं, मैं कोयला खनन से संबंधित विभिन्न अधिनियमों से संबद्ध उपबन्धों का सारांश पेश करूंगा। सर्वप्रथम कोई भी व्यक्ति, किसी कोयला खान को खोलने या चलाने से पूर्व, खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 की धारा 4 के अन्तर्गत राज्य सरकार से वैध खनन पट्टा प्राप्त करेगा। इसके अतिरिक्त, वह खान अधिनियम, 1952 की धारा 17 के अन्तर्गत खान के लिए एक प्रबंधक नियुक्त करेगा। धारा 16 के अन्तर्गत खान का मालिक एजेंट या प्रबन्धक, किन्हीं खनन संक्रियाओं के शुरू किए जाने से पूर्व, मुख्य खान निरीक्षक, भारतीय खान ब्यूरो को तथा जिस जिले में खान स्थित हो, उसके जिलाधीश को विहित प्रपत्र में लिखित रूप में नोटिस देगा। इसके अलावा वह कोयला खान (रक्षण और सुरक्षा) नियमावली, 1954 के नियम 39(1) के

अन्तर्गत नोटिस भी देगा, अनिवार्य जिन्स अधिनियम, 1955 की धारा 3 के अन्तर्गत अपेक्षित अनुमति प्राप्त करेगा तथा अन्त में औद्योगिक (विकास और विनियमन) अधिनियम की धारा 11 के अन्तर्गत लाइसेंस भी प्राप्त करेगा ।

34. ऊपर उल्लिखित अधिनियम समुचित दंडों की व्यवस्था करते हैं । उदाहरणार्थ, खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम की धारा 4 का उल्लंघन करने पर एक साल तक की कैद की सजा हो सकती है या 5000 रुपये तक जुर्माना हो सकता है या दोनों ही दंड हो सकते हैं । इसी प्रकार, खान अधिनियम की धारा 16 और 17 के उल्लंघन पर, धारा 73 और 69 के अधीन कैद हो सकती है, जुर्माना हो सकता है या दोनों ही सजाएं हो सकती हैं ।

35. जिन परिस्थितियों में यह दुर्घटना घटी, उन्हें ध्यान में रखते हुए, मैं इसे अपने लिए लाजिम समझता हूं कि भविष्य में इस प्रकार के गैर-कानूनी खनन की रोकथाम करने के लिए कुछ सिफारिशें करूं । मैं यह मान कर चलूंगा कि 1973 में (कुछ एक खानों को छोड़ कर) सभी वर्तमान खानों के राष्ट्रीयकरण के बाद सरकार की यह नीति है कि भविष्य में कोयला खनन का कार्य केवल सरकारी क्षेत्र में ही किया जाएगा ।

36. कोयला रखने वाली भूमियों की दो श्रेणियों के बारे में विचार किया जा सकता है । पहली श्रेणी उन जमीनों से संबंधित है, जो कोयला उत्पादन क्षेत्र (अभिग्रहण और विकास) अधिनियम 1957 के अन्तर्गत अभिग्रहीत की गई हैं । इस प्रकार के अभिग्रहण के पश्चात् जमीनें, या तो केन्द्रीय सरकार के सुपुर्द रहती हैं या किसी सरकारी कम्पनी के सुपुर्द जिसे केन्द्रीय सरकार अधिनियम की धारा 11 के अन्तर्गत इस प्रकार के अधिकार अंतरित करती है । यदि जमीनें केन्द्रीय सरकार के सुपुर्द हों तो उस क्षेत्र में गैर-कानूनी खनन की रोक थाम करने की जिम्मेदारी केन्द्रीय सरकार पर रहती है । न तो धारा 12 के अन्तर्गत कब्जा लेने में होने वाली देरी से न ही धारा 11 के अधीन किसी सरकारी कम्पनी को जमीन सुपुर्द करने संबंधी आदेशों के जारी किए जाने में इसी प्रकार की देरी से इस प्रकार की जिम्मेदारी के संबंध में अस्पष्टता नहीं आने दी जानी चाहिए । जैसा कि मैं ऊपर पैरा 12 में उल्लेख कर चुका हूं ; यह इस प्रकार की देरी ही है जो एक तरह का कानूनी खोखलापन पैदा कर देती है जिससे बेईमान तत्व अपना स्वार्थ सिद्ध करते हैं । यही कारण है कि पैरा 21 में मैंने यह सिफारिश की है कि अभिग्रहण करने और कब्जा लेने के बीच और वैसे ही भूमि का अभिग्रहण करने और उसे किसी सरकारी कम्पनी के सुपुर्द करने के बीच कम से कम अन्तराल होना चाहिए । केन्द्रीय सरकार, सरकारी कम्पनी जैसे किसी ऐसे संगठन के जरिए, जो कि क्षेत्र में काम करता हो, उस क्षेत्र पर प्रभावी नियंत्रण रख सकती है । यह अत्यावश्यक है कि समय की दृष्टि से गैर-कानूनी खनन रोकने संबंधी कम्पनी की जिम्मेदारी यथा समय जल्दी से जल्दी शुरू हो जानी चाहिए ।

37. सरकारी कम्पनी जब एक बार मामले से अवगत हो जाए तो उसे समुचित सीमा पत्थर गाढ़ कर क्षेत्र का स्पष्टतया सीमांकन करने और फिर निरीक्षण और पर्यवेक्षण के लिए उचित उपाय आरम्भ करने में जरा भी देरी नहीं करनी चाहिए । यह बात दूरस्थ और दुर्गम्य क्षेत्रों में आवश्यक होगी क्योंकि वास्तव में यही वे क्षेत्र हैं जहां गैर-कानूनी खनन का खतरा विद्यमान है । इस प्रकार के प्रहार्य स्थलों की स्थिति के कारण सामान्यतः कोई कठिनाई पेश नहीं आनी चाहिए ; क्षेत्र पर्याप्त खोज के बाद अभिग्रहीत किया गया होगा और अभिग्रहण पूर्ण होने के समय तक केन्द्रीय सरकार और सरकारी कम्पनी को भौगोलिक लक्षणों और खाकों तथा क्षेत्र में से होकर गुजरने वाली सड़कों और अन्य संचार व्यवस्थाओं का पता लग गया होगा । खनन अभियंताओं को उन क्षेत्रों की जानकारी होगी, जिनमें कोयले की परत, भूमिगत या उद्‌गत रूप से, विद्यमान है और सावधिक निरीक्षण की एक प्रणाली के जरिए ऐसे स्थलों पर समीपी तथा कड़ी निगाह रखी जानी चाहिए और यह काम केवल अधिनस्थ कर्मचारियों पर ही छोड़ दिया जाना चाहिए । इन साधनों से गैर-कानूनी खनन का पता समय पर लगाया जा सकता है तथा उसे शुरू में ही समाप्त किया जा सकता है ।

38. दूसरी श्रेणी उन भूमियों से संबंधित है जिनके संबंध में राज्य सरकारें निजी पक्षों को खोज लाइसेंस या खनन पट्टे देती हैं । यदि पैरा 35 में मेरे द्वारा उल्लिखित अनुमान सही है तो मैं यह समझता हूं कि भविष्य में इस प्रकार के पट्टे मंजूर नहीं किए जाएंगे । जहां तक पहले से मंजूर किए गए पट्टों का सम्बन्ध है, इस प्रकार की जमीनों पर 1957 के अधिनियम के अन्तर्गत अधिकार प्राप्त कर लिए जाने चाहिएं । तथापि यदि यह वांछनीय अथवा व्यवहार्य नहीं समझा जाता तो कोयला खनन संक्रियाओं से संबंधित सभी प्राधिकारियों को चाहिए कि वे निजी पक्षों की कोयला निकालने संबंधी योजनाओं की प्रगति पर तीखी निगाह रखें । जो विभिन्न कानून इस से संबंधित हैं, उनका उल्लेख मैंने ऊपर पैरा 33 में किया है । संक्षिप्त रूप में प्राधिकारी ये हैं (1) राज्य सरकार, जिसका प्रतिनिधित्व खान निदेशक या अन्य समान प्राधिकारी करता है, और (2) केन्द्रीय सरकार, जिसका प्रतिनिधित्व खान सुरक्षा महानिदेशक और कोयला खान (रक्षण और सुरक्षा) नियम, 1954 और अनिवार्य जिन्स अधिनियम और उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम में निर्दिष्ट प्राधिकारी करते हैं । चूंकि खनन के लिए अनिवार्य पहला कदम खनन पट्टे का मंजूर किया जाना है, इसलिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि राज्य सरकार, जब यह कोई खनन पट्टा मंजूर करे, तो ऊपर उल्लिखित अन्य सभी प्राधिकारियों को सूचित करे ताकि वे अलग-अलग या संयुक्त रूप से पट्टेदार के कार्यकलापों पर निगाह रख सकें और जब कभी किसी कानून के उल्लंघनों का भय हो या उनका पता लगे, उचित कानूनी कार्यवाहियां शुरू करें । जहां खनन पट्टा मंजूर करने के बाद यथोचित अवधि के भीतर खनन शुरू न किया गया हो, वहां राज्य सरकार को चाहिए कि वह पट्टे को रद्द करने के संबंध में विचार करे ।

39. इस प्रकार के उल्लंघनों के लिए दंड पर्याप्त कठोर हैं और विभिन्न अधिनियमों के तुरन्त और कड़े प्रवर्तन द्वारा उन्हें और अधिक प्रतिरोधक बनाया जा सकता है । मैंने यह पाया कि इस क्षेत्र में गैर-कानूनी खनन की घटनाओं के बारे में जो मामले जिला खनन प्राधिकारियों ने एक वर्ष या इससे अधिक पूर्व चलाए थे, उनके संबंध में प्रभारी अनुवर्ती कार्यवाही नहीं की गई है । न्यायाधीशों के न्यायालयों में शिकायतें दायर की गई थीं, परन्तु अभियुक्तों को न्यायालय में पेश करवाने और सुनवाई शुरू करने में गम्भीर विलम्ब हुआ है । कानून के प्रवर्तन में केवल अभियोजन आरम्भ कर देना ही सम्मिलित नहीं होता । कानून का अनुपालन तथा उसका आदर केवल तभी किया जाएगा जब कि उसमें लिखित दंडों को प्रभावी ढंग से प्रवृत्त किया जाए । न्यायालयों से कहना चाहिये कि वे प्रतिरोधक सजाएं दें ।

40. ऐसे सभी प्रहार्य क्षेत्रों में उचित प्रशासनिक कार्यवाहियों के साथ-साथ कानूनी उपाय किए जाने होंगे । वास्तव में ये दोनों घनिष्ठता से आपस में बने हुए हैं और इन्हें घनिष्ठता से समन्वित किया जाना चाहिए । मैं केवल यही सिफारिश कर सकता हूं कि हजारीबाग प्रभाग के आयुक्त द्वारा आयोजित की गई दो बैठकों में लिए गए निर्णयों (और जो उपयुक्त पैराग्राफों 12, 31 और 32 में निर्दिष्ट किए गए हैं) को प्रभावी रूप से कार्यान्वित किया जाना चाहिए । जहां कहीं अबैध खनन से प्राप्त कोयले का परिवहन हो, वहां नियंत्रण के लिए निरीक्षण चौकियों की पद्धति

होनी चाहिए, और वे स्थल (प्वाइंट) राज्य सरकार के उचित रूप से शक्ति प्रदत्त अधिकारियों द्वारा चलाए जाएं। केवल इसी बात की आम्न-विक्रता कि कोयला एक ऐसे क्षेत्र से प्राप्त किया गया है जो उचित और वैध खनन पट्टे के अधीन है, उस क्रिया को पूर्णतया वैध नहीं बना देती यदि कोयला के खनन से संबंधित अन्य वैध नियमों का पालन न किया गया हो। इसी प्रकार दण्डाधिकारियों, पुलिस, खनन प्राधिकारियों और कोल माइन्स अथारिटी लि०/रा०को०वि०नि० के अधिकारियों द्वारा आयोजित किए गए आकस्मिक छापे गत समय में इस क्षेत्र में अवैध खनन की पद्धतियों को समाप्त करने में सफल हुए हैं, ये प्रस्तुत की गई सामग्री से प्रत्यक्ष है। तथापि यह भी प्रकट होता है कि जब कभी ऐसे पूर्वोपायों और निरोधक उपायों में ढील दी गई थी, यह पद्धति पुनः चालू हो गई थी। यह बात उल्लेखनीय है कि इसी स्थान पर, जहां वर्तमान दुर्घटना फरवरी, 1975 में घटी थी, जिला खनन अधिकारी, हजारीबाग ने मई, 1974 में वहां चल रहे अवैध खनन का पता लगाया था, उनके द्वारा उस स्थान के निरीक्षण और उसके बाद उनके द्वारा उठाए गए कदमों के कारण ही खनन समाप्त हो गया। इस से केवल लगातार और निरन्तर चौकसी की आवश्यकता प्रकट होती है।

41. मैंने पैरा 9 में अवलोकित किया है कि इस क्षेत्र में अवैध खनन का एक कारण कोल माइन्स अथारिटी लि०/रा०को०वि०नि० द्वारा प्राप्त किए गए कोयले के मूल्यों और ऐसे उद्गमों जो अवैध रूप से चलाए जा रहे हैं, से प्राप्त कोयले के मूल्यों में व्यापक अन्तर है। इस प्रोत्साहन जैसा कि यह है, को घरेलू प्रयोग और भट्टे जलाने (मुख्य उद्देश्य जिसके लिए अवैध खनन को प्रयोग किया जाता है) के लिए कोयले की कीमतों को उपयुक्त निम्न स्तर पर रखकर बराबर दुर्बल बनाया जाना चाहिए। यह नोट करना रोचक है कि सरकार द्वारा हाल ही में घोषित की गई कोयले की कीमतों में वृद्धि से साफ्ट कोक को छूट दी गई थी।

42. मैं आगे अपने मुख्य निष्कर्षों और सिफारिशों का सारांश दे रहा हूं।

निष्कर्ष :

(1) घावैया गांव में अभिग्रहीत की गई भूमि पर कब्जे और अधिकारों के सम्बन्ध में किंचित अस्पष्ट और अनिश्चित स्थिति और उसमें अवैद्ध खनन को रोकने के लिये उत्तरदायी पक्ष या अभिकरण अंशतः क्षेत्र में अवैद्ध खानन् के विस्तार के लिये उत्तरदायी था (पैरा 21)

(2) एक अंशदायी घटक 1973 में कोयला उद्योग के राष्ट्रीकरण के बाद कोयले की कीमतों में विशिष्ट वृद्धि और क्षेत्र में घोर बेरोजगारी की स्थितियां थीं, जिन दोनों के कारण "सहज" खनन होने लगा जिसके कारण श्रमिकों के लिये खतरे उत्पन्न हुए। (पैरा 8 और 9)

(3) ऐसे क्षेत्र में जहां कोयले की सीम और रेतीले पत्थर की कैपिंग रखने वाला नदी का किनारा लगभग शीर्ष स्थानीय था, सुरक्षात्मक खनन पद्धतियों का पालन करने में विफलता, जिससे रेतीले पत्थर के अधिभार का गिराव हुआ जिसमें मलबे के नीचे फसे श्रमिक मारे गये। (पैरा 27)

सिफारिशें :

(1) जिन मामलों में केन्द्रीय सरकार कोयला धारक क्षेत्र (अभिग्रहण और विकास) अधिनियम, 1957 के अन्तर्गत कानूनी कार्यवाही करती है, धारा 9 के अन्तर्गत घोषणा और धाराओं 11 और 12 के अन्तर्गत कार्यवाही के बीच के समय का अन्तराल यथासंभव कम होना चाहिये, सर्वोत्तम तो यही होना चाहिये कि अभिग्रहण के साथ-साथ ही कब्जा लेने और सरकारी कम्पनी को अन्तरण का कार्य हो (पैरा 21)

(2) सरकारी कम्पनी को, ज्यों ही जमीन उस में निहित हो, स्पष्टतः क्षेत्र का सीमांकन करना चाहिये और अवैध खनन को रोकने के लिये नियमित निरीक्षण और पर्यवेक्षण के लिये उपाये आरम्भ करने चाहिये। (पैरा 37)

(3) निजी पक्षों को स्वीकृत किये गये वर्तमान खनन पट्टों के अन्तर्गत आने वाली भूमि पर अधिकार, 1957 अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त किये जाये (पैरा 38)

(4) यदि ऐसे अभिग्रहण को वांछनीय या व्यवहार्य नहीं समझा जाता, तो राज्य सरकारों को ऐसे पट्टों के बारे में केन्द्रीय सरकार के सभी सम्बधित प्राधिकरणों को तत्काल सूचित करना चाहिए। इन प्राधिकरणों द्वारा क्षेत्र में खनन् संक्रियाओं की प्रगति की आवधिक रूप से पुनरीक्षा की जानी चाहिये। (पैरा 38)

(5) कोयला खनन् से संबंधित विभिन्न कानूनों का तत्काल और प्रबल प्रवर्तन होना चाहिये। कानून के उल्लंघन पर तत्काल फौजदारी अभियोजन चलाये जाने चाहिये और न्यायालयों से निवारक दण्ड प्रदान करने की प्रार्थना की जानी चाहिये। (पैरा 39)

(6) कोल माइन्स अथारिटि लि०/रा०को०वि०नि० की सहायता और सहयोग से दण्डाधिकारियों, पुलिस और जिला खनन अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से संगठित किये गये अचानक छापे प्रहार्य क्षेत्रों में नियमित अन्तरालों पर आयोजित किये जाने चाहिये। (पैरा 40)

(7) अवैध रूप से प्राप्त किये गये कोयले के अनिधिकृत परिवहन को रोकने के लिये उचित स्थानों पर निरीक्षण चौकियां स्थापित की जानी चाहियें (पैरा 40)।

43. **आभार स्वीकृतियां :**

मैं उन चार परामर्शदाताओं के प्रति अपना आभार प्रकट करना चाहता हूं जिनके साथ इस जांच में मिल कर कार्य करने का मुझे विशेषाधिकार दिया गया उनका व्यापक ज्ञान और अनुभव मुझे सभी अवसरों पर तुरन्त प्राप्त हुए और मैंने उन की सहायता और सलाह को अत्यधिक महत्व दिया है।

मैं मैसर्स हिन्दुस्तान स्टील लि०, रांची और अध्यक्ष भारतीय कोयला खान बचाव केन्द्र समिति, धनसार का भी आभारी हूं जिन्होंने न्यायालय की बैठकों के लिये क्रमशः रांची और धनसार में स्थान देने की कृपा की। मैं रा०को०वि०नि० (अब सेन्ट्रल कोल फील्ड्स नि०) के प्राधिकारियों के प्रति भी उनके द्वारा 13 नवम्बर को घटना स्थल के हमारे दौरे के दौरान दामोदर को पार करने के लिये किये गये अत्युत्तम बन्दोबस्त तथा उस समय दी गई अन्य बहुत सहायता के लिये कृतज्ञता प्रकट करना चाहूंगा।

अन्ततः, मैं श्री सोहन लाल, न्यायालय के सहायक सचिव के द्वारा जांच के हर स्तर पर दी गई तत्काल एवं निपुण सेवा के प्रति अपनी सराहना रेकार्ड करना चाहूंगा ।

ह०
(पी० एम० नायक)
जांच न्यायालय

हम उपर्युक्त रिपोर्ट से सहमत हैं ।

ह०
(बी० एन० कारयण्डे)

ह० (जी०बी० मिश्र)

ह०
(दामोदर पाण्डे)

ह०
(शफीक खान)

अनुबन्ध—1

पूछताछ किये गये गवाहों की सूची

1. यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की ओर से

यू-डब्ल्यू 1 . . श्री बहनि प्रसाद, गांव होनेह, पी०एस० रामगढ़, जिला हजारीबाग ।

यू-डब्ल्यू 2 . . श्री मो० गुलाम घौस, पुत्र, स्वर्गीय मो० गमिरुद्दीन, गांव बिदरपुर, पी०एस० रामगढ़ जिला हजारीबाग ।

यू-डब्ल्यू 3 . . श्री रामफल चौधरी, पुत्र स्वर्गीय नानहु चौधरी, गांव बिलारपुर, जिला हजारीबाग।

यू-डब्ल्यू 4 श्री पुनित राम ओहदार, पुत्र श्री होतु ओहदार, रामगढ़ के उप प्रमुख, कोठर गांव के मुखिया, पी० एस० रामगढ़ ।

2. अभियोग अन्वेषक न्यायालय द्वारा बुलाये गये

सी-डब्ल्यू 1 . . श्री भुवनेश्वर महातो, पुत्र धनाराम महातो, मुखिया चावैया गांव ।

सी०-डब्ल्यू 2 . . श्री प्रभु दयाल महातो, गोमिया ब्लौक के प्रमुख ।

सी०-डब्ल्यू 3 . . श्री एस० जी० प्रसाद, खान सुरक्षा निदेशक, रांची ।

3. एस०सी०डी०सी०/सी०एम०ए० की ओर से

एन-डब्ल्यू 1 . कृष्ण मोहन सिंह, पुत्र स्वर्गीय अनन्द लाल लाल सिंह प्रबन्धक, मेगल कोलियरी ।

एन-डब्ल्यू 2 . . श्री माची दुलाल चन्द्र, क्षेत्र महा प्रबन्धक, अर्गदा क्षेत्र ।

एन-डब्ल्यू 3 . . श्री शीलवन्त सहाय, पुत्र श्री कामेश्वर प्रसाद, वरिष्ठ राजस्व अधिकारी ।

4. जिला प्राधिकरण की ओर से

बी-डब्ल्यू 1 . . श्री राम सुरत सिंह, पुलिस के उप-निरीक्षक, रामगढ़ पी०एस०

बी-डब्ल्यू 2 . . श्री राम कुमार गुप्ता, जिला खनन अधिकारी के मुख्य सहायक, हजारीबाग ।

बी-डब्ल्यू 3 . . श्री चिन्ता रंजन चतुर्वेदी, जिला खनन अधिकारी, गिरिडिह ।

बी-डब्ल्यू 4 . . श्री मो० मन्सूर खान, ए०एस०आई० गोमिण पी०एस० (गिरिडिह)

बी-डब्ल्यू 5 . . श्री के० के० एल० दास, जिला खनन अधिकारी, हजारीबाग (अब खानों के उप निदेशक, भागलपुर)

5. डी०जी०एम०एस० की ओर से

डी-डब्ल्यू 1 . . श्री जे०सी० अग्रवाल, खान सुरक्षा के संयुक्त निदेशक, रांची ।

अनुबन्ध—2

प्रदर्शनीय वस्तुओं की सूची

1. सी०एम०ए०एल०/एन०सी०डी०सी० की ओर से प्रदर्शित किये गये ।

एक्स एन-1 . . भारत सरकार, इस्पात खान और ईंधन मंत्रालय (खान और ईंधन विभाग) की की अधिसूचना संख्या का०आ० 881, तारीख 13-4-1961

एक्स एन-2 . . भारत सरकार, खान और ईंधन मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 3894, तारीख 22-12-1962

एक्स एन-3 . . अधिसूचनाओं की रसीदें ।

एक्स एन-4 . . खान और ईंधन विभाग प्रबन्ध निदेशक, एन०सी०डी०सी०लि०, रांची की पत्र संख्या सी-2—20 (15)/62, तारीख 18-2-1962

एक्स एन-5 . . खान और धातु मंत्रालय के अनुसूचि पत्र दिनांक 18-2-1962 और अधिसूचना संख्या का०आ० 3998, तारीख 21-12-1966

एक्स एन-6 . . अधिसूचनाओं की रसीदें

एक्स एन-7 . . प्रभारी अधिकारी, रामगढ़ पी०एम०रामगढ़ (हजारीबाग) को सम्बोधित, श्री ब्रिज नन्दन शर्मा, अभिन, एन०सी०डी०सी० लि० रामगढ़ प्रायोजना से पत्र दिनांक 16-4-1973

एक्स एन-8 . . रामगढ़ क्षेत्र को दर्शाने वाला बिहार का आंशिक मास्टर प्लैन ।

एक्स एन-9 . . रामगढ़ ब्लाक II का नक्शा ।

एक्स एन–10 . . प्रबन्धक, मेएल कोलियरी को सम्बोधित, श्री के० के० एल०दास जिला खनन अधिकारी, हजारीबाग से पत्र संख्या 3113-एम, तारीख 19-6-1974

एक्स एन–11 . . प्रबन्धक, मेएल कोलियरी को सम्बोधित, श्री जी० एम० खन्ना, ओ/आई, रामगढ़ से पत्र दिनांक 30-4-1974

एक्स एन–12 . प्रभारी अधिकारी, पी०एस० रामगढ़ को सम्बोधित, श्री कृष्ण मोहन सिंह, प्रबन्धक मेएल कोलियरी से पत्र संख्या प्रबन्धक/मेएल/75/1005, तारीख 3-4-1975

एक्स एन–13 . . (i) अधिसूचना का०आ० 881, तारीख 13 अप्रैल, 1961।

(ii) अधिसूचना का०आ० 3894, तारीख 22-12-1962

(iii) रामगढ़ ब्लाक 1 के बारे में उक्त अधिनियम की धारा 12 के अधीन कब्जा लेने से सम्बन्धित कागज।

(iv) रामगढ़ ब्लाक I के बारे में का० आ० 3894 तारीख 22-12-1962 के बारे में जारी किया गया विधायक आदेश संख्या सी० 2-20(15)/62, तारीख 22-12-1963 देखिए।

(v) अधिसूचना संख्या 3998, तारीख 21-12-1966

(vi) रामगढ़ ब्लाक ii और iii के बारे में उक्त अधिनियम की धारा 12 के अन्तर्गत कब्जा लेने से सम्बन्धित ब्लाक।

(7) श्री बी०एन० शर्मा, अमीन द्वारा प्रभारी अधिकारी, रामगढ़ पी०एस०को एफ० आई०आर० तारीख 14-4-1973 इसकी रसीद के साथ-साथ प्रस्तुत की गई।

एक्स एन–14 दुर्घटना स्थल की रूप-रेखा।

II—यूनाइटिड कोल वर्कर्स यूनियन की ओर से दायर किये गये

एक्स-यू 1 . . उप आयुक्त, हजारीबाग को संबोधित, श्री दुनित राम मोहदार उर्फ गोविन्द महतो, मुखिया, ग्राम पंचायत, कोठर से पत्र तारीख 28-2-1975

एक्स यू–2 श्री पुरन राम साहु, मंत्री भारत का साम्यवादी दल, स्थानीय समिति पत्रात् द्वारा जारी की गई पत्रिका दिनांक 1-3-75

III—खान सुरक्षा महा निदेशक की ओर से दायर किये गये।

एक्स डी–1 . . प्रभारी अधिकारी, रामगढ़ पुलिस चौकी/गोमिया पुलिस चौकी को सम्बोधित, श्री इन्द्रजीत खोसला, खान सुरक्षा उप निदेशक, रामगढ़ उप-क्षेत्र, नई सराय, जिला रामगढ़, छावनी हजारीबाग से पत्र संख्या आर०एस०आर०/566, तारीख 26-2-1975

IV—जिला प्राधिकरण की ओर से दायर किये गये।

एक्स बी–1 . . गांव दाहावैया पी० एस० गोमिया को शामिल करते हुए रामगढ़ कोयला क्षेत्र खंड 1, खण्ड II और खण्ड III को समाविष्ट करने वाली भूमि के बारे में कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम 1957 की धारा 4 के अधीन अधिसूचना तारीख 14-3-1961 की प्रतिलिपि।

एक्स बी–2 . . संलग्न सूची में वर्णित 2,230 एकड़ और 821.50 एकड़ माप की भूमि के अर्जन की और दो कागजों के नक्शों सहित रामगढ़ खण्ड I और खण्ड II में 1505 एकड़ और 3222.50 एकड़ माप की भूमि में खान, खतवान, सुराख करने खोदने और खोजने के अधिकार को घोषित करते हुए, कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 की धारा 9(i) के अधीन अधिसूचना तारीख 21-12-1966, का० आ० 3998 और अधिसूचनाओं में कुछ संशोधन करते हुए का०आ० 634 तारीख 18-2-1957 अधिसूचना 23 कागजों और नक्शा 2 कागजों में।

एक्स बी–3 . . समरबेरा, कान्देर और सारैया गांवों में रामगढ़ खण्ड II में विस्तरण के रूप में 121 एकड़ भूमि के बारे में कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 की धारा 9(i) के अधीन अधिसूचना का आ० 3400 तारीख 27-11-1973 की प्रति।

एक्स बी–4 . . पूर्व बोकारो, पश्चिम बोकारो, रामगढ़ और करणपुरी कोयले क्षेत्र में सेंट्रल डिविजन सी०एम०ए० लि० की कोयला खानें और कोयले के क्षेत्रों को दर्शाने वाली मास्टर रूपरेखा। नक्शा तारीख 6-3-1974 आलेखन संख्या पी०एल०/8485

एक्स बी–5 . . धारा 9(i) के अधीन अर्जित की कोयला अधिनियम की धारा 4 और 7 के अधीन अधिसूचित और राष्ट्रीयकरण अधिनियम के अधीन राष्ट्रीय-कृत कोयला खानों और कोयला क्षेत्रों और गिरिडिह जिले में उनके रेखीले क्षेत्रों को दर्शाने वाली मास्टर रूप रेखा।

एक्स बी–6 जिला खनन अधिकारी, हजारी बाग को सम्बोधित, प्रबन्धक मेएल कोयला खान से प्राप्त पत्र संख्या प्रबन्धक/मेएल/74/1186-96, तारीख 18-4-1974 की प्रतिलिपि।

एक्स बी–7 . . जिला खनन अधिकारी हजारी बाग द्वारा 25-5-1974 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हजारीबाग के समक्ष दायर किये गये दो प्रार्थना पत्रों और शिकायतों की प्रतियां।

एक्स बी–8 . . 1963 के मुकदमें संख्या 63 के मूल पक्षों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना के समक्ष दायर की गई समझौता विविध अपील संख्या 9/65 की याचिका सहित राज वल्लभ सिंह और यूनियन आफ इंडिया, मैसर्स एन०सी०डी०सी० लि० और अन्य के बीच हुए 1963 की मुकदमें संख्या 51 में हुई समझौता डिगरी की प्रति।

एक्स बी–9 . . गिरिडिह जिले में अवैध कोयला खनन को रोकने के लिये जिला प्राधिकरणों, गिरिडिह और हजारीबाग द्वारा की गई कार्रवाई को दर्शाने वाले चार्ट।

एक्स बी–10 . . मेएल कोलियरी की इंकलाइन संख्या 11क/11ख के दुर्घटना स्थल और उसकी स्थिति को दर्शाने वाली रूपरेखा।

एक्स बी–11 . . जिला खनन अधिकारी हजारीबाग को संबोधित श्री एस० सी० कुमार, प्रशासन निदेशक, मैसर्स एन०सी०डी०सी०लि० से पत्र तारीख 31-1-1964 की संलग्नकों सहित प्रति।

एक्स बी–12 . . जिला खनन अधिकारी, हजारीबाग संबोधित, श्री एच० एन० जोशी, उप-मुख्य राजस्व, मैसर्स एन०सी०डी०सी० लि० से पत्र तारीख 4-9-1965 की संलग्नक सहित प्रति।

एक्स बी–13 . . उप आयुक्त, हजारीबाग को संबोधित, श्री एस० टी० राजा, प्रबन्ध निदेशक, एन० सी०डी०सी०लि० से पत्र अ० सं० एल० ए/जी-XXXII/7/64-615, तारीख 15/20 मार्च, 1965 की प्रति।

एक्स बी–14 . . खान खोजने संबंधी शुल्क के कारण रु० 2,94,460.43 के निक्षेप को दर्शाने वाले कोषागार चालान संख्या 123, तारीख 24-3-1965 की प्रति।

एक्स बी–15 . . उप-आयुक्त के कक्ष, गिरिडिह में 2-4-1975 को हुई बैठक के कार्यवृत्त।

एक्स बी–16 . . एन०सी०डी०सी०लि० के कार्यालय में 27-2-1975 को रांची में हुई बैठक के कार्यवृत्त की प्रति।

एक्स बी–17 . . गोमिया पी०एस० में एफ० आई० आर० की प्रति मामला तारीख 23-2-1975

एक्स बी–18 . . श्री आर० एस० सिंह, प्रभारी अधिकारी रामगढ़ पी० एस० द्वारा मेएल कोयला खान क्षेत्र, पी०एस० रामगढ़ में 23-2-1975 को 02.00 घंटों पर रेकार्ड किया गया चितरपुर गांव, पी०एस०रामगढ़, जि० हजारीबाग के विदेशी बुशाद चौकीदार का बयान।

एक्स बी–19 . . गत किराये के भुगतान और अन्य कागजों के बारे में उप मुख्य राजस्व, मैसर्स एन० सी०डी०सी०लि० दरभंगा हाउस, रांची को संबोधित, श्री सी०चतुर्वेदी, जिला खनन अधिकारी से पत्र संख्या 709/एन०, तारीख 6-6-1975।

एक्स बी–20 . . 1963 के 51 के मूल मुकदमें, अर्थात् 1963 के 51 के पक्षों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना के समक्ष दायर की गई 1965 की अपील संख्या 9 में समझौते की याचिका के साथ संलग्न नक्शे की प्रति।

एक्स बी–21 . . मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हजारीबाग के न्यायालय के 1974 मामला संख्या 9 के आदेश पत्र की प्रमाणित प्रति।

[सं० एन० 11015/8/75-एम०]

New Delhi, the 23rd February, 1976

S.O. 1066.—In pursuance of section 27 of the Mines Act, 1952 (35 of 1952), the Central Government hereby publishes the report submitted to it under sub-section (4) of section 24 of the said Act by the Court of Inquiry appointed under that section by the notification of the Government of India in the Ministry of Labour No. S. O. 2397 dated the 11th July, 1975, to hold an inquiry into the causes of, and circumstances attending, the accident which occurred on 22nd February, 1975 while mining coal opposite Mael Colliery in District Giridih, State of Bihar.

Report of the Court of inquiry into the causes and circumstances attending the accident which occurred while mining coal opposite Mael Colliery in District Giridih, State of Bihar on the 22nd February, 1975.

The accident which is the subject matter of this inquiry took place on 22-2-1975 on the northern bank of the river Damodar opposite the Mael Colliery of the Coal Mines Authority of India Ltd., and the National Coal Development Corporation (referred to hereafter as C.M.A.L./N.C.D.C.) lying on the southern bank* The site of the accident falls in village Dhawaiya, P. S. Gomia, in district Giridih, Bihar State. The Mael Colliery lies in district Hazaribagh, the Damodar at this point forming the boundary between the two districts.

2. The accident occurred in an out-crop of coal. Such out-crops occur at many points along the Damodar and other rivers and also in nearby places. The area forms

*When the inquiry was in progress, the C.M.A.L. and N.C.D.C. got merged into a new Organisation set up by the Central Government, namely, the Coal India Ltd. In this report, however, I have preferred to retain the earlier names.

part of the sol-called Ramgarh Project of the N.C.D.C. which comprises four blocks numbered as Blocks I to IV. Dhawaiya village falls in Block II while Mael Colliery is in Block IV. The topography of the area is gently undulating with the Damodar being the main drainage for the coal-field. Detailed prospecting has been carried out by the Geological Survey of India, the Indian Bureau of Mines and N.C.D.C. A number of coal seems for mining have been identified, containing medium coking coal, suitable, after washing, for use in the blast furnace.

3. The Court held four meetings. The first one, held at Dhanbad on 5-8-1975 was a preliminary meeting designed to settle procedures. The Court visited the area of the accident the next day but was unable to reach the spot because of the conditions in the river. The second and third meetings were held at Ranchi (16th to 18th September) and Dhanbad (24th October) to record evidence. Finally, the Court visited the site of the accident on the 13th November and heard arguments on behalf of the parties the next day at Dhanbad.

